## खबर संक्षेप



### जिला अध्यक्ष से मिले उपसरपंच

**सोमनी।** ग्राम पंचायत सोमनी के नवनिर्वाचित उप सरपंच विजय सिंह राजपूत ने गत दिनों जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत से सौजन्य भेंट कर होली की बधाई दी। उप सरपंच निर्वाचित होने पर श्री राजपूत ने विजय सिंह राजपूत को हार पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता रमन सिंह राजपूत, जन कल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह तथा बूथ अध्यक्ष विक्रमसिंह राजपूत मौजूद थे।

**डोंगरगढ़।** अपने भाई के साथ गुजरात जाने निकली एक लकड़ी के अचानक गायब होने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों ने लड़की के गुम होने की शिकायत सुरत के भैस्सथान थाना में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि डोंगरगढ़ निवासी गणपत गंधर्व की पुत्री अपने भाई कौशल के साथ 12 मार्च को गुजरात जाने निकली थी। सूरत में मिस्त्री का काम करने वाला कौशल ने परिजनों को खबर दी कि उसकी बहन बिछड़ गई है। इस घटना की खबर से परिजन दहशत में आ गए।

### देवार समाज का सम्मेलन 21 को



**डोंगरगढ़।** सभी समाज के लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं वहीं घुमन्तु जीवन यापन करने वाले देवार समाज के लोगों को किसी प्रकार का लाभ नहीं मिल रहा है। इस समाज के लोग सालों से उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं इसके बाद भी उनकी ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। शहर में आगामी 21 मार्च को राज्य स्तरीय देवार समाज का सम्मेलन रखा गया है। उल्लेखनीय है कि एक से दूसरी जगह निवास कर प्रायः कबाड़ की खरीदी बिक्री करने वाले देवार समाज के लोग कड़ी मेहनत कर जीवन यापन करते है। इस समाज के व्यक्ति को वर्षों पूर्व गोदना में राष्ट्रीय अवार्ड भी मिल चुका है लेकिन यह समाज आज भी उपेक्षा का शिकार हो रहा है। देवार समाज के अध्यक्ष अरविंद नेताम ने बताया कि समाज के लोगों को सरकार की किसी भी योजना का लाभ नही मिलता और न ही उनका जाति प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बन रहा है। प्रमाण पत्र आदि के नहीं बनने से लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार देवार समाज बोर्ड बनाकर समाज की समस्याओं से छुटकारा दिलाए। उन्होंने बताया कि सामाजिक समस्याओं को लेकर सम्मेलन रखा गया है जो देवार तिहार के रूप में 20 मार्च को प्रारंभ होगा। 21 मार्च को कार्यक्रम का समापन होगा। सम्मेलन में 33 जिलों के लोग शामिल होंगे। सुबह 5 बजे कुल देवी देवताओं का पूजा होगी। 10 बजे शोभायात्रा निकलेगी।

## फाग गीतों में झूमे युवा और बच्चे, सुबह से शाम तक बजते रहे नगाड़े

# होली पर्व पर बिखरे खुशियों के विविध रंग











हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में रंगो का पर्व होली धूमधाम से मनाया गया। 13 मार्च को शहर के सभी वार्डों सहित ग्रामीण अंचलो में होलिका दहन किया गया। रात 12 बजें जयस्तंभ चौक स्थित राम मंदिर के पास स्थानीय मारवाडी समाज ने पूजा अर्चना की होलिका दहन भक्त प्रहलाद को निकालकर किया। लोगो ने विधिवत एक दूसरे को बधाई देते हुए एक दूसरे को गुलाल लगायाश। दूसरे दिन होली मनाया गया। सुबह से दोपहर तक नंगाडे.और डीजे पर थिरकते युवाओं सहित सभी वर्ग के लोगो ने होली का मजा लिया। सुरक्षा की दृश्टि से शहर में पुलिस ने तगडे. इंतजाम किए थे। वहीं मुस्लिम समुदाय ने रमजान माह के अनुरूप जुम्मे की नमाज अदा किया।

### जनप्रतिनिधि पहुंचे लोगों के बीच

धार्मिक, सामाजिक संस्स्थाओं के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने होली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर लोगो को बधाई दिया और विभिन्न आयोजन में शरीक हुए। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, रामकृष्ण कन्नौजिया, बबलू शांडिल्य, प्रिंस कक्कड़, परविंदर सिंग मोन्टी, गोपाल मानिकपुरी, शरद अग्रवाल, अनिल गट्टानी, राकेश पचेरी, मधु नरेडी, सत्तु नामदेव, तुलसी मिश्रा, दखने बाबू, मोहन बक्शी, हेमंत कुमार, गोपाल दम्माणी, राजू छाजेड़, गौतम चोपड़ा, अजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल पिनु, कन्हैया मोदी, संजय नरेडी सहित अन्य ने लोगो से मुलाकात कर गुलाल लगाकर बधाई दी। रंगोत्सव के बाद रविवार को भी शहर में होली की खुमारी देखने मिली। वार्डो में होली के दूसरे और तीसरे दिन भी रंगोत्सव का माहौल रहा।शहर की अधिकांश दुकाने दो तक बंद रही।

**गंडई पंडरिया।** नगर और अचंल में रंगो का पर्व उल्ला के साथ मनाया गया। स्कूलों में छुट्टी के पहले बच्चो ने आपस मे होली खेलते हुए एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाया। बाजार भी होली के सामानों से गुलजार रहा। लोगो ने जमकर रंग गुलालों की खरीदी किया। नगर में टोलियां बनाकर लोगों ने डंडा नृत्य किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। डंडा नृत्य की थाप सुनकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो भी होली के रंग में रंग गए और कुछ देर नृत्य कर होली का आनंद उठाया। इस वर्ष होलिका दहन को लेकर लोगो मे जागरूकता देखने मिला। पहले लोग होलिका दहन में कई टन लकड़ियां एकत्रित कर जला दिया करते थे वही अब इसे व्यवहारिक रूप दिया गया है और केवल नेग के लिए कड़ियों को इकठ्ठा कर गोबर के कंडे से होलिका दहन किया।

**गंडई।** नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह ने नगरवासियों के लिए किया होली मिलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में फाग गीतों पर नगरवासी जमकर थिरके। गत 14 मार्च को वार्ड 4 हटरी चौक में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने होली मिलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेता, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आम जनता शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली खेला। कार्यक्रम स्थल पर फाग गीतों पर लोग जमकर थिरके। मौके पर सभी के लिए ठंडाई का इंतजाम किया गया था। इस दौरान बड़ो को छोटो ने रंग लगाकर आशीर्वाद लिया। नगर अध्यक्ष द्वारा आयोजित इस आयोजन की सभी ने सराहना किया।

**कहगांव।** ग्राम में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उप सरपंच मिलाप डोंगरे, सतीश नाग, देव कुमार, दिलीप यादव, भीष्म रावटे, धीरज रोट, गणेश्वर जयते आदि ने ग्रामीणों को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया।

### गांवों में गूंजे फाग गीत

**छुरिया।** विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में होलिका दहन के दूसरे दिन रंगोत्सव की धूम रही। जगह जगह फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। क्षेत्र के ग्राम बोईरडीह, जरहामहका, हैदलकोड़ो, बेलरगोंदी, घुपसाल, भोलापुर, दतरेंगाटोला में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। दतरेंगाटोला में बसंत बहार फाग महोत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक का पर्व है जो एकता भाईचारे का संदेश देता है। इस अवसर पर बीरमराम, कुमार मंडावी, अजय पटेल, राजेश्वर ध्रुवे, मायाराम साहू, नैनसिंग पटेल, कुंदन बडोले, कुमारसाय साहू, बिसरू चंद्रवशी, मेघनाथ कंवर, रेवाराम साहू, मुकेश निषाद, संजय सोनवानी, रामकिशन कंवर,नरोत्तम साहू सहित अन्य मौजूद थे।

**फाग महोत्सव में शामिल हुई अध्यक्ष-** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ग्राम मगरधोकरा, दतरेगाटोला, भोलापुर,





जरहामहका, बेलरगोंदी, हैदरकोड़ों, तेलंगाना, पदगुडा एवं बोईडीह, साल्हे आदि गांवों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। ग्राम वासियों के द्वारा प्रथम बार जिला पंचायत अध्यक्ष के गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि पौराणिक कथाओं में होली खेलने, प्रकृति की सुंदरता और राधा-कृष्ण के प्रेम का वर्णन है। बसंत के मौसम में एक दूसरे पर रंग डालना कृष्ण की लीला का एक अंग है।

**पटेवा।** पटेवा सहित अंचल में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होलिका दहन पूजा अर्चना के साथ किया गया। प्रातः भजन मंडली ने राधाकृष्ण की शोभायात्रा नगाड़े की थाप के साथ फाग गीत गानों के साथ निकाली। घर-घर भगवान राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना किया गया। चौक-चौराहों पर डाहकी का आयोजन किया गया। जिसमें नगाड़े की थाप के साथ लोग फाग गीत गाते नजर आए। लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाया। युवकों की टोली और महिलाओं ने भी होली खेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दूसरे दिन भी होली का असर देखा गया। सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में भी रंगोत्सव का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिशु मंदिर के भैया बहनों ने नगाड़े की थाप के साथ खूब होली खेली। इसी प्रकार प्राथमिक शाला रेंगाकठेरा के बच्चों एवं शिक्षकों ने होली उल्लास के साथ मनाया। सभी बच्चों ने शिक्षकों के साथ होली खेली।

### नगाड़े की थाप पर झूमे ग्रामीण

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को रंगोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरूवार रात को मुहुर्त अनुसार पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। दूसरे दिन बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक होली की रंग में रंगे नजर आए। गांव में लोग सुबह से शाम तक नंगाडे की थाप पर झूमते नाचते दिखे। होली पर्व पर कुछ गांव में कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। गुरूवार को पंडरिया में जनपद सदस्य ज्योति जंघेल ने होली मिलन तथा शनिवार को उदयपुर में जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर उत्सव का आनंद लिया। इसी प्रकार शनिवार को कुकुरमुड़ा में फाग स्पर्धा तथा सड़क अतरिया में छत्तीसगढ़ी नाच रखा गया।







# गणगौर पर्व का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

हिन्दू मारवाड़ी समाज का सबसे बड़ा गणगौर पर्व की शुरूवात रंगोत्सव के साथ के साथ हो गई है। 16 दिन तक चलने वाले इस महापर्व में सुहागन एवं नई दुल्हन एवं कुंवारी लडकियां समूह के साथ भगवान शिव पार्वती की आराधना करती है। पर्व के पहले दिन से शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों , बागों से फूल चुन कलशों में पानी भरकर नवविवाहित महिलाओं ने समूह के साथ स्थापित गौरा-गौरी माता गणगौर की पूजा अर्चना

# बरनाला कला स्कूल में तोड़फोड़ शिक्षकों में भय का वातावरण

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने हाईस्कूल बरनाला कला में हो रही आपराधिक घटनाओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल में तोड़फोड़ की पहले भी दो बार घटनाएं हो चुकी हैं। अपराधियों द्वारा शैक्षणिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जिससे छात्रों और शिक्षकों में भय



का माहौल है। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी बोरतलाव को पूर्व में लिखित सूचना देने के बाद भी अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन की निष्क्रियता के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, और वह बार-बार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

घटना से आहत स्कूल प्रशासन, शिक्षकों और अभिभावकों ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो मजबूरन लोगों द्वारा एसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान कांग्रेस नेता विष्णु लोधी, जनपद सदस्य जेठूराम चंद्रवंशी, पवनसिंह, सोनकर सिंह, रोहित यादव, उर्मिला साहू, फूलबासन, गंगोत्री मांडवी, सुरतीबाई, लतखोर, नकुलराम, मनोरंजन साहू, रुक्मणी, संतोष आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार मानपुर,**
**जिला- मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. 202502300100001 ब-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि, माननीय न्यायालय कलेक्टर जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202502300100001 ब-121 वर्ष 2024-25 आवेदक सुंदरलाल पिता प्रेमसिंग जाति तेली निवासी ग्राम दल्ली राजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद छ.ग. की ओर से आम मुख्त्यार प्राप्तकर्ता शंभूराम साहू पिता स्व. गणेश राम जाति तेली निवासी मानपुर तहसील मानपुर जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के द्वारा उपस्थित होकर अपने नाम की परिवर्तित भूमि ग्राम मानपुर प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. व तहसील मानपुर में ख.नं. 211/6 रकबा 0.016 हे. को स्वास्थ्यगत परेशानियों को ध्यान में रखते हुए विक्रय की अनुमति प्रदान करने बाबत् आवेदन पेश करने पर प्रकरण दर्ज कर अनुविभागीय अधिकारी (रा०) मानपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को अगर कोई दावा आपत्ति हो तो उद्घोषणा प्रकाशन पश्चात दिनांक 21.03.2025 के पूर्व अपना दावा आपत्ति मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या वकील, मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हो। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 07.03.2025
पेशी दिनाक : 21.03.2025

मुहर

तहसीलदार
मानपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परसराम पिता रामलाल निवासी ग्राम सलौनी तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़ छुईखदान-गंडई के द्वारा ग्राम सलौनी प.ह.नं. 54 रा.नि.मं. जालबांधा तहसील खैरागढ़ स्थित भूमि ख.नं. 120/2 रकबा 0.898 हे. में से 0.202 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन (पेट्रोल पम्प) हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 28.03.2025 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/ अपने अधिवक्ता/ अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 12/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
खैरागढ़ (छ.ग.)

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Aade Vinod Shyamlal alias Vinod Shyamlal Ade son of Shyamlal Varma resident of Ward No. 20, Jurlakhurd, P.O. Baldeopur, Dist. Rajnandgaon (C.G.) – 491881 have changed my name and shall hereafter be known as VINOD SHYAML VARMA.

**Vinod Shyamlal Ade**
Ward No. 20, Jurlakhurd, P.O. Baldeopur, Dist. Rajnandgaon (C.G.) – 491881

## फाइलेरिया रोकने ब्लॉक में सघन अभियान

# 80 फीसदी से ज्यादा ने किया दवा सेवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर और ब्लाक में फाइलेरिया के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन दिनों सघन अभियान चलाते हुए घर घर दवा खिलाया जा रहा है। अब तक ब्लाक की करीब 80 फीसदी आबादी को दवाई खिलाया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि काली मक्खी और मच्छर से फैलने वाले फाईलेरिया के शहर में 12 और ब्लाक के विभिन्न गाँवो मे 66 मरीज होने की पुष्टि हुई हैं। रोग के तेजी से फैलने की प्रकृति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन दिनों सघन अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के पहले चरण में बूथ लगाकर लोगों को दवा खिलाया गया। जानकारी के अनुसार ब्लाक के करीब 80 प्रतिशत से अधिक लोगों को अब तक दवा खिलाया जा चुका है।



### अब डोर टू डोर अभियान

अभियान के अगले चरण में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन घर घर जाकर पात्र लोगों को दवाई खिला रहे हैं ताकि संक्रमण को रोका जा सके। ब्लाक मेडिकल अधिकारी डा. रागनी चंद्रे ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी को खत्म करने के लिए हर बार दवा का सेवन पूरे परिवार के साथ जरूर करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अभियान में लोगों को तीन दवा अल्बेन्डाजोल, डीईसी, आइवरमैक्टिन का सेवन टीमों के माध्यम से कराया जा रहा है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नाबालिग का अपहरण, आरोपी पुणे से गिरफ्तार

**कवर्धा।** कुकदुर पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण एवं शोषण करने वालें आरोपी को पुणे, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और जबरन शारीरिक शोषण कर रहा था। मामला थाना कुकदुर के अपराध क्रमांक 160/24, धारा 137 (2) भा.न्या.सं. से संबंधित है। प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री गत 24-25 नवम्बर 2024 की दरमियानी रात बिना बताए घर से लापता हो गई। जिसके बाद पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी एवं अपहृता की खोजबीन शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद यह जानकारी प्राप्त हुई कि नाबालिग को आरोपी अजय कुमार पिता शिवनाथ बघेल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कुकदुर, ने पुणे, महाराष्ट्र में छिपाकर रखा है। टीम ने तत्परता दिखाते हुए 11 मार्च को पुणे के मूर्ति पार्क, वहिल नगर, डुडुलगांव, थाना दिघी, जिला पिंपरी चिंचवड़, महाराष्ट्र में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया। मामले में पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए जाने के पश्चात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2), 64(2) (एम), 64(2) (आई) भा.न्या.सं. एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### पतंजली योग समिति ने मनाई होली का पर्व

**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पतंजलि योग समिति के द्वारा होली का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के मौके पर जहां 13 मार्च को समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों ने विधि विधान से होलिका दहन किया तत्पश्चात 14 मार्च को होली खेली। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, रमेश साहू, संजय चंद्रवंशी, शशि ठाकुर, अशोक चंद्रवंशी, रामा जायसवाल, कैलाश साहू, विनीता चंद्रवंशी, मीनाक्षी ठाकुर, प्रीतम साहू, शैलेन्द्र साहू ,प्रभा शिवहरे ,शिला राजपूत, रागनी साहू, मंजू चंद्रवंशी सहित पतंजलि परिवार उपस्थित थे।

**पर्वः** सुबह से लेकर देरशाम तक रंग-गुलाल में डूबते रहे लोग, नहीं मिली कहीं से अप्रिय घटना की खबर

# कवर्धा सहित समूचे अंचल में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

परम्परागत ढंग से बीते गुरूवार को होलिका दहन के बाद दूसरे दिन रंगोत्सव का पर्व गुदगुदी भरी मस्ती के बीच नगर सहित समूचे अंचल में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से शाम तक समूचे शहर में रंग गुलाल घुलता रहा और लोग एक दूसरे को पर्व की बधाई देते उन्हें रंगते रहे। त्यौहार के मद्दे नजर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते शहर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटने की खबर नहीं मिली है। होली पर्व को लेकर वैसे तो सभी वर्ग के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर के सभी मुहल्लों, चौक चौराहों, गली कूंचों में होलियारों के छोटे-बड़े अलमस्त जत्थे सबेरे से ही रंग, गुलाल और पिचकारियां लेकर निकल पड़े थे। जान, पाहचान, दोस्त, यारों को देखकर होली है, का तेज राग अलापते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल से सराबोर कर देते थे और गले लगाकर बधाई देते थे। ऐसे मेल मुलाकात के अवसर पर धमाल मचाने वाले बच्चे पिचकारी से रंगो की बौछार कर होली की मस्ती और दोगुनी कर देते थे। अधिकांश युवक इस मस्ती के मौके पर विभिन्न स्वांग रचकर अद्भुत टोपियों व अन्य चीजें पहनकर धमा चोकड़ी मचाते रहे। युवाओं की टोलियां नवीन बाजार चौक, शीतला मंदिर चौक, राजमहल चौक, वीरस्तम्भ चौक, आजाद चौक, महावीर चौक, ऋषभ देव चौक, इंदिरा चौक, ठाकुर पारा चौक, दर्री पारा चौक आदि स्थानों रपर सक्रिय रहीं और होली का छककर मजा ऊठाया। होलियारों की हुड़दंग शाम होने के पहले तक चलती रही। लाल, हरा, पीला रंग, पिचकारियों में भरकर बौछारें की जाती रही जबकि कई जगहों पर बालटियों और बर्तनो से रंग उड़ेले गए। कुल मिलाकर कवर्धा सहित अंचलभर में होली का पर्व उत्साह के साथ शांति पूर्ण ढंग से मनाया गया।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गृह नगर कवर्धा में खेली जमकर होली



छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह वर्षों से चली आ रही अपनी परंपरा को निभाते हुए इस बार भी अपने गृह जिले कवर्धा पहुंचे और परिवार व साथियों के साथ रंगों का त्योहार धूमधाम से मनाया। डॉ. सिंह ने परंपरागत रूप से पहले होलिका दहन किया और फिर रंग-गुलाल के साथ होली खेली। इस दौरान सांसद संतोष पांडेय तथा उनके सुपुत्र एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, राजेंद्र चन्द्रवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। रंग पर्व के दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने निजी निवास के सामने स्थित गांधी मैदान में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. सिंह को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने भी इस आयोजन में विशेष रूप से हिस्सा लिया। अपने चिर-परिचित अंदाज में उन्होंने ढोल-नगाड़ों की धुन पर होली गीत गाए और समां बांध दिया। उनके साथ मौजूद जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने भी इस उल्लास में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने आमजन से मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी को आपसी मेल-जोल और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोडने का अवसर भी है। यह पर्व हमे प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने की सीख देता है। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की समृद्धि और विकास में योगदान दें, यही इस पर्व की सच्ची भावना है।

### नगर व जिले में शांति व्यवस्था रही कायम

नगर में पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के चलते होली का त्योहार शांति पूर्ण ढंग से मनाया गया। पर्व के मौके पर कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली है। उल्लेखनीय है कि पुलिस प्रशासन द्वारा होली के मद्देनजर नगर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर के प्रमुख मार्गो तथा संवेदनशील ईलाकों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। इसके अलावा असामाजिक तत्वों पर नगर रखने के लिए पेट्रोंलिंग पार्टी भी गठित की गई थी जो सुबह से लेकर रात तक नगर में क्रिय दिखी।

### हर साल निभा रहे परंपरा, मुख्यमंत्री रहते भी मनाई होली

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह हर वर्ष अपने गृह जिले कवर्धा में होली मनाते हैं। जब वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे, तब भी वे अपने इस रीति-रिवाज को निभाने के लिए कवर्धा आते रहे। यह परंपरा लगातार 22 वर्षों से चली आ रही है, जिसमें वे अपने परिवार, साथियों और जिले के लोगों के साथ होली के रंगों में सराबोर होते हैं। इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पंचायत सचिवों की अनदेखी पर संघ सख्त सरकार को दी चरणबद्ध आंदालेन की चेतावनी




- शासन के समक्ष रखी नियमितीकरण सहित अन्य मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों की लंबित मांगों को लेकर प्रदेश पंचायत सचिव संघ ने बड़ा निर्णय लिया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं करती, तो 17 मार्च 2025 से विधानसभा घेराव और 18 मार्च को जनपद मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। इसके बाद 1 अप्रैल 2025 से मंत्रालय घेराव करने की योजना भी तैयार की जाएगी। प्रांतीय आव्हान पर कबीरधाम जिले में पंचायत सचिव अपनी लंबित मांगों को लेकर इस क्रमबद्ध आंदोलन की तैयारियों में जुट गए है। इस संबंध में जिला पंचायत सचिव संघ से मिली जानकारी के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों के नियमितीकरण की घोषणा की थी। इसके तहत 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को समिति गठन कर 30 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया था। लेकिन अब तक इस विषय पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। संघ का आरोप है कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद सरकार ने इस विषय में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। पंचायत सचिवों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन नियमितीकरण नहीं होने से वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### संघ ने किया आंदोलन का ऐलान

पंचायत सचिव संघ ने बताया कि पंचायत सचिवों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार से कई बार मांग की गई, लेकिन जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती, तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। 17 मार्च को विधानसभा घेराव, 18 मार्च से जनपद मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल, 1 अप्रैल से मंत्रालय घेराव की घोषणा की है। पंचायत सचिव संघ ने सरकार से जल्द इस मामले पर निर्णय लेने की मांग की है, अन्यथा बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

## डॉ.रमन सिंह सपरिवार पहुंचे अपने गृह ग्राम ठाठापुर...



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के पैतृक ग्राम ठाठापुर स्थित निवास में होली उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह एवं उपके परिजनो ने भगवान बूढ़ादेव मंदिर, गोसाईं जी महाराज एवं श्री राम मंदिर में पूजा-अर्चना कर समस्त छत्तीसगढ़ की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में श्रीमती वीणा सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पिपरिया स्कूल में विदाई समारोह आयोजित



**पिपरिया।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक पिपरिया द्वारा कक्षा 6 वीं तथा 7 वीं के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 वीं तथा 7 वीं के विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का फूल गुलदस्ता से स्वागत किया गया। इस अवसर पर एचएम श्रीमती संयोगिता सोनी शिक्षिका द्वारा न्योता भोजन में सभी विद्यार्थियों को जलेबी परोसी गई। कक्षा 8 वीं से साधना साहू ने अपने छोटे भाई बहन को पढ़ाई-लिखाई करने में और अपने आगामी भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा 8 वीं से छात्रा रोशनी साहू ने कहा कि हम पढ़ेगे तो आगे बढ़ेगे और पढ़ाई के महत्व को बताया। कक्षा 7 वीं से जिगर चौहान ने कहा कि मेरे बड़े भाई बहन आप सभी इस वर्ष बोर्ड परीक्षा मे शामिल होने पर बधाई देते हुए अच्छे अंक प्राप्त कर हमारे विघालय का नाम रोशन करें, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस विदाई समारोह में कक्षा 8 वीं के सभी विद्यार्थियों को स्वल्पाहार में जलेबी टिकिया, मिश्चर तथा एक पेन देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने किया।

# कार और मोटर सायकल की भिड़ंत, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला मुख्यालय कवर्धा में होली के रोज 14 मार्च को रायपुर-जबलपुर मार्ग स्थित बॉय पास के पास हुई कार और मोटर सायकल की भिडंत में मोटर सायकल सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया गया है। वहीं घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 मार्ग को होली के रोज ग्राम लेंजाखार निवासी राजेश साहू अपने एक साथी के साथ मोटर सायकल में सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान कवर्धा कोतवाली से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में रायपुर-जबलपुर मार्ग स्थित बॉय पास के पास विपरीत दिशा से आ रही कार से उनकी भिडंत हो गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार मोटर सायकल व कार की भिडंत इतनी भीषण थी कार सवार राजेश और उसकी दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद अनियंत्रित कार भी पलट गई। जिसमें कार चालक भी घायल हो गए। घटना के बाद इसकी सूचना राहगीरों ने तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनो घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में पहुंचाया। लेकिन ईलाज के दौरान राजेश साहू की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। वहीं दोनो घायलों का अस्पताल में अभी ईलाज जारी है। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

## लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा

**कवर्धा।** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सुधीर जैन पिछले दिनों नगर की आधिकारिक यात्रा पर आए। होटल अर्बन में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से लायन सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने बहुत ही सरल शब्दों में एक शेर के माध्यम से लायनवाद की व्याख्या की माना कि इस चमन को गुलिस्तां न कर सके, दो चार कांटें चुन लिए, निकले जहां से हम। उन्होंने कहा कि लायनवाद हमें सिखाता है कि हम अपनी क्षमताओं के भीतर रहकर कैसे अच्छे सेवाकार्य कर सकते हैं। उनके साथ डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रश्मि जैन, रीजन चेयरपर्सन राजेश चौरसिया व रीजन प्रथम महिला माया चौरसिया भी प्रवास पर आए। प्रवास के दौरान अतिथियों ने लायंस पार्क, जेल के बाहर लायंस प्रतीक्षा कक्ष, सुधा वाटिका में लायंस वाटर कूलर व डॉ. बिसेन के हॉस्पिटल में डायलिसिस सेंटर का अवलोकन किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के परिप्रेक्ष्य में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की इन 10 महिलाओं को सम्मानित किया। अधिवक्ता अंजना तिवारी, पत्रकार मेघा यादव, प्रसव में उल्लेखनीय कार्य के लिए मुमताज बेगम, अशोका भास्कर, गंगा बाई साहू, महिला स्वावलंबन के लिए निर्मला बाई साहू, इंद्रा बाई पटेल व गौसेवा वृद्धजन सेवा के लिए संयोगिता सोनी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए इंद्राणी कौशिक व रीना साहू। अतिथियों के साथ लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, जोन चेयरपर्सन सुशीला श्रीश्रीमाल, माइक्रो चेयरपर्सन नीरज मंजीत छाबड़ा, निवृत्तमान अध्यक्ष बीपी गुप्ता, सचिव हरीश गांधी व कोषाध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता भी मंच पर विराजमान हुए। प्रेमचंद व बीपी गुप्ता ने अपने संबोधन में क्लब के सेवाकार्यों की जानकारी दी।

**नगर पालिका कवर्धा अध्यक्ष ने ठेकेदारों के साथ की बैठक, निर्माण कार्यो को लेकर चर्चा**

# गुणवत्ता के साथ समय में पूर्ण करें सभी निर्माणाधीन कार्यः नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सख्त रवैया अपनाया है। उन्होनें ठेकेदारों से कहा कि सभी निर्माण कार्यो को पूर्ण करने की तारीख तय करें। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर समझौता नही होगा, इसका भी पूर्ण ध्यान रखे। उन्होनें उपस्थित कार्यपालन अभियंता को कहा जो इंजीनियर काम नही कर रहे, उनका वेतन आहरण पर रोक लगावें। लेकिन निर्माण कार्य में कोताही व लेटलतीफी बिल्कुल ना करें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की तथा ठेकेदारों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिये। उन्होनें सभी प्रमुख विकास कार्यो का लोकार्पण तय सीमा में कराया जा सके जिसका लाभ कवर्धा वासियो को जल्द मिले। इसके लिए नगर पालिका से अनुबंधित ठेकेदारों से सभी कार्यों के पूर्णता के लिए तय अंतिम तारीख़ से पहले कार्य पूर्ण करने निर्देश दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगर पालिका परिषद कवर्धा के ठेकेदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने निर्माण कार्यों और अन्य कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक में ठेकेदारों को उनके कार्यों की गति को तेज करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। नपा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि समय पर काम पूरा होना और गुणवत्ता बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कार्यपालन अभियंता एमएल कुर्रे को निर्देशित करते हुए कहा कि ठेकेदारों को उनके कार्यों के अनुसार समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ठेकेदारों को उनकी मेहनत का सही समय पर भुगतान मिलना चाहिए ताकि कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट न आए। और तय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराना भी सुनिश्चित किया जाए । उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर भी पालिका कार्यवाही करने में पीछे नहीं रहेगी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सभी चल रहे निर्माण कार्यों का लोकार्पण आगामी तय तिथि को किए जाने की बात भी कही।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश, एक फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी से जुड़े एक फरार आरोपी को सिंगरौली मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी दयाशंकर यादव, जो पुलिस से बचने के लिए अपना ठिकाना बदल रहा था, मध्यप्रदेश में गुप्त रूप से रहकर तस्करी में सक्रिय था। इस ऑपरेशन में पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और सतर्क निगरानी से आरोपी तक पहुंच बनाई और अंतत उसे गिरफ्तार कर लिया। गत 07 मार्च 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 17 केएल 4453 में भारी मात्रा में अवैध गांजा ओडिशा से रायपुर होते हुए शहडोल मध्यप्रदेश की ओर ले जाया जा रहा है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर चालक दुलबो बिसोई के कब्जे से 60 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी ने तस्करी में शामिल अन्य लोगों की जानकारी छुपाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सख्त पूछताछ और तकनीकी जांच सीडीआर/टॉवर लोकेशन के जरिए उसके नेटवर्क की परतें खुलने लगीं। जांच के दौरान पता चला कि मिर्जापुर उत्तर प्रदेश का दयाशंकर यादव इस तस्करी में आर्थिक मदद कर रहा था और मध्यप्रदेश के शहडोल-रीवा क्षेत्र में गांजा खपाने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा था। पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रैक कर सिंगरौली मध्यप्रदेश में उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह लंबे समय से अंतरराज्यीय गांजा तस्करी से जुड़ा हुआ है और इस अवैध धंधे का मुख्य कड़ी है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में, तथा एसडीओपी भूपत सिंह धनेश्री के नेतृत्व में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक जेएल शांडिल्य, सउनि चंद्रकांत तिवारी सायबर सेल, सउनि कुमार मंगलम, प्रधान आरक्षक हिरेन्द्र प्रताप सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सार समाचार



### गोमय कंडे से वैदिक होलिका दहन

**राजनांदगांव।** वृक्षों को कटने से रोकने एवं भारतीय परंपरागत के अनुरूप राजनांदगांव शहर के बंगाली चाल बसंतपुर शिव मंदिर के पास वैदिक होलिका दहन का आयोजन किया गया। गौ संस्कृति अनुंसधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा आयोजित एवं आदिशक्ति महिला स्वसहायता समूह के सहयोग से वृक्षों को कटने से रोकने एवं गौमाता के संरक्षण व संवर्धन के लिए लगभग 2 हजार गोमय कंडे एवं गाय का शुद्ध देशी घी, हवन सामग्री से वैदिक होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 100 से अधिक देशी गौवंश के गोबर से निर्मित दीपक जलाएं गए। गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष गौमाता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए वैदिक होलिका दहन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नागरिकों का भरपूर सहयोग रहता है। पार्षद खेमिन राजेश यादव ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि वार्ड में प्राचीन भारतीय परंपराओं के अनुसार होलिका दहन का आयोजन किया गया है। गौ संस्कृति अनुंसधान संस्थान राजनांदगांव के कोषाध्यक्ष गव्यसिद्ध डॉ. डिलेश्वर साहू ने बताया कि वैदिक होलिका दहन के आयोजन से समाज में एक सुखद संदेश जा रहा है। इस अवसर पर गौ संस्कृति अनुंसधान संस्थान राजनांदगांव एवं आदिशक्ति महिला स्वसहायता समूह के सदस्य तथा बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### मोहड़ की उमा बनी डोंगरगांव तहसील अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** समाजसेवी एवं समाज सेवक संघ के संयोजक संजीव सिंघल ने ग्राम मोहड़ की उमा साहू को समाज सेवक संघ का डोंगरगांव तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है। उमा वार्ड नं. 7 मोहड़ ग्राम की पंच है। वे तीन विषयों राजनीति शास्त्र, हिन्दी साहित्य, अर्थशास्त्र में एमए एवं बी.एड. है। उन्होंनें फैशन डिजाईनिंग में डिप्लोमा भी प्राप्त किया है।

### भ्रष्टाचार को लेकर सरकार गंभीर नहीं : अभिमन्यु

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में कहा कि सदन के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा विधानसभा में भारतमाला प्रोजेक्ट में हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया गया है।



जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार कई एकड़ जमीनें खरीदकर छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटा गया और स्क्वायर फीट में मुआवजा लिया गया, ऐसा करने से 35 करोड़ की तय मुआवजा राशि बढ़कर 350 करोड़ के पार पहुंच गई। इससे सरकार को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। इस प्रश्न पर मंत्री टंकराम वर्मा ने भी माना कि भ्रष्टाचार हुआ है, फिर भी न जाने क्यों सरकार व मंत्री संभागीय आयुक्त से ही जांच कराने अड़े हुए हैं। जबकि श्री महंत ने सीबीआई जांच या फिर विधायकों की समिति से उक्त प्रकरण की जांच कराने की मांग की, क्योंकि इसमें संलिप्त बड़े लोग भी हैं। जिसके लिए संभागीय आयुक्त की जांच नाकाफी है।

### सांसद होलिका दहन कार्यक्रम में हुए शामिल



**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे गंज चौक राजनांदगांव में स्थापित बालाजी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आरती की। तत्पश्चात होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री पांडे ने विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि भक्त प्रहलाद ने सिद्ध किया भगवान है, ईश्वर है, सर्वोपरि है। भारतीय संस्कृति और सनातन के खूबसूरत होली उसी के स्मृति में हम सब मानते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। सांसद पांडे होलिका दहन के पश्चात अपने समर्थकों के साथ आमजन के बीच पहुंचकर अबीर-गुलाल एक-दूसरे को लगाकर होली पर्व की खुशियां बाटी।

### शिवनाथ नदी एनीकट में नहाने गया बालक डूबा



**राजनांदगांव।** होली त्यौहार के दूसरे दिन शिवनाथ नदी मोहड एनीकट में दोस्तों के साथ नहाने गए एक बालक की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनाथ नदी मोहड एनीकट में कल दोपहर लगभग ढाई बजे दोस्तों के साथ शंकरपुर निवासी राहुल साहू 17 वर्ष नहाने के लिए गया हुआ था। नहाते वक्त वह नदी के पानी में डूब गया। बताया गया कि स्थानीय लोगों ने उसे बचाने का भी प्रयास किया, तब तक उक्त बालक की मृत्यु हो चुकी थी। घटना की सूचना पर बसंतपुर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## निधन



### हनुमंत राव अन्ना

**डोंगरगढ़।** रेलवे कॉलोनी इंदिरा नगर निवासी हनुमंत राव अन्ना रिटायर रेलवे ड्राईवर का आकस्मिक निधन 14 मार्च को हुआ था। उनका अंतिम संस्कार 15 मार्च को ऊपर मंदिर छीरपानी मुक्तिधाम में किया गया। वे छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के सदस्य सत्यम राव के पिता थे।



### एम.लक्ष्मी स्वामी

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी पिताम्बर स्वामी की माताजी श्रीमती एम. लक्ष्मी स्वामी का आकस्मिक निधन 16 मार्च को दोपहर 2.30 बजे हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास खूटापारा से सोमवार को सुबह 9.30 बजे छीरपानी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## होली पर रंगोत्सव का आनंद...



राजनांदगांव। रंगोत्सव के अवसर पर बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ रंग-गुलाल खेला। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की खुशियां बांटी।

### जिलेभर में शांति से मना पर्व

# होली पर रही तगड़ी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने चप्पे-चप्पे में 350 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहे। जिलेभर में पर्व हर्षोल्लास एवं शांति से मनाई गई।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी आशीष कुंजाम, एसडीओपी दिलीप सिसोदिया के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक एवं समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में होली त्यौहार के दौरान जिले के सभी शहरी इलाकों एवं ग्रामों में पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रही।इस बार राजनांदगांव पुलिस होलिका दहन से पूर्व से ड्यूटी पर तैनात था, जो होली के दिन एवं उसके बाद एक दिन और कुल 72 घंटे तक शिफ्ट में लगातार ड्यूटी करती रही। इस दौरान जिले में थाना, चौकी के बल के अतिरिक्त 350 से अधिक पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई थी। जिसमें 52 पेट्रोलिंग पार्टी चारपहिया वाहन में, 11 बाज स्कॉट मोटर साइकिल में, 30-फिक्स प्वाईंट एवं 17 गोताखोर की टीम तैनात किया गया था। इसके अतिरिक्त शहर में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील इलाके में ड्रोन से निगरानी की जा रही थी।



### बदमाशों पर की गई कार्रवाई

होली त्यौहार के दिन रमजान महीने का जुम्मा था, जिसे देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एवं समस्त थाना में शांति समिति की बैठक पूर्व से आयोजित कर सौहार्द्रपूर्वक दोनों त्यौहार पारंपरिक ढंग एवं शांतिपूर्ण मनाने के लिए अपील की गई, जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पार्षदगण, सर्वसमाज के प्रतिनिधि, पदाधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा होली एवं रमजान का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु एक राय होकर शासन एवं प्रशासन को भरोसा दिया गया था। होली त्यौहार के पूर्व जिलेभर में अभियान चलाकर स्थाई वारंटियों, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

### अवैध रूप से शराब परिवहन, 22 पकड़ाए

होली त्यौहार में मोटर साइकिल पर सवार होकर हुडदंग करने वालों पर नकेल कसने के मद्देनजर यातायात शाखा एवं थानों में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत विगत 1 सप्ताह में तीन सवारी, तेज रफ्तार, बिना हेलमेट, बिना कागजात के 349 प्रकरण में कार्रवाई करते 2,42,500 रुपए समंस शुल्क वसूला गया तथा एक सप्ताह में अवैध शराब परिवहन के विरूद्ध 22 प्रकरणों में 22 आरोपियों से कुल 55 लीटर शराब कीमती 31,050 रुपए जब्त कर कार्रवाई की गई।

# शराब के नशे में पिता ने छुरी से बेटे पर किया वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पिता-पुत्र के आपसी विवाद में पिता ने अपने ही पुत्र पर छुरी से वार कर घायल कर दिया। वहीं पुत्र पर हमला होते देख आरोपी की पत्नी भी बीच-बचाव करने सामने आई, जिसे भी आरोपी पति ने उसे भी मारकर घायल कर दिया। वहीं घायल पुत्र और पत्नी को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात जिला मुख्यालय मोहला के वार्ड क्र. 16 इंदिरा आवास में रहने वाले मदन मंडावी और उसके पुत्र जितेंद्र मंडावी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आए मदन मंडावी ने बेटे द्वारा लाए गए छुरी (चाकू) से अपने बेटे पर ही दो बार हमला कर दिया। चाकू सीधे जितेंद्र के सीने में लगा। जिससे वह लहुलुहान होकर नीचे जमीन पर गिर गया। बेटे पर हो रहे हमले को देखकर मदन की पत्नी कंसीबाई मंडावी अपने बेटे को बचाने बीच-बचाव करने आई, लेकिन शराब के नशे में धुत्त आरोपी ने उसे भी नहीं बख्शा और चाकू के मुठिया से अपनी पत्नी के सिर पर वार कर दिया। इस घटना में कंसीबाई गोंड के सिर में भी गंभीर चोंट आई है। जिससे वह भी घायल हो गई। घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मोहला पुलिस को सूचना दी।

### सीने पर लगे कई घाव

पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों घायलों की हालत स्थिर है, लेकिन जितेंद्र के सीने पर लगे घाव गंभीर है। खून रिसाव बंद न होने की वजह से उसे मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है।

### आरोपी गिरफ्तार

मोहला पुलिस ने घटनास्थल से आरोपी मदन मंडावी के कब्जे से हमला करने में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि पिता और पुत्र के बीच पहले भी विवाद होते रहा हैं, लेकिन इस बार मामला हिंसक हो गया। इधर इस मामले में अब तक किसी भी तरह की एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

### एफआईआर दर्ज नहीं

मोहला थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा ने मामले में कहा कि फिलहाल परिजनों ने इस वारदात की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है, जिस कारण से अपराध दर्ज नहीं किया गया है।

# ड्राइवर महासंगठन ने निकाली पदयात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी तीन प्रमुख मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा प्रदेश के अलग-अलग जिलों से 2450 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में राजनांदगांव जिले के महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र पाटेकोहरा से राजधानी रायपुर तक की पदयात्रा निकाली गई है। इस पदयात्रा में संगठन से जुड़े वाहन चालक शामिल हुए हैं।

ड्राईवर आयोग का गठन, ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का निर्माण और वर्ष के एक दिन को राष्ट्रीय ड्राईवर दिवस घोषित करने के लिए ड्राईवरों द्वारा मांग की जा रही है। अपनी इस मांग को पूरी करने के लिए छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा पदयात्रा निकली गई है। यह पदयात्रा आज राजनांदगांव शहर से होकर गुजरी।

### ज्ञापन देकर कराया था अवगत

पदयात्रा को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के अध्यक्ष प्रीतम सिंह व जिला अध्यक्ष हेमनाथ देवांगन ने बताया कि बीते 21 अक्टूबर को अपनी इन तीन मांगों को लेकर उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को अवगत कराया था, लेकिन उनकी इस मांग पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होता देख उन्होंने अब पदयात्रा निकालकर आंदोलन की शुरूआत की है।

### 19 मार्च को राजधानी में पदयात्रा

ड्राईवर महासंगठन की यह पदयात्रा 18 मार्च को रायपुर पहुंचेगी। वहीं 19 मार्च की सुबह प्रदेशभर से पहुंचे ड्राईवर अपनी इन मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर सौपेंगे।

### नहीं सुनी जा रही मांग

पदयात्रा कर रहे ड्राईवरों ने कहा कि सरकार की ओर से उन्हें कोई भी सुविधा नहीं मिलती है, इसलिए वह अपने लिए उचित कानून व्यवस्था, कल्याण योजना बनवाने के लिए लगातार ज्ञापन और आंदोलन के माध्यम से कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग नहीं सुनी जा रही है। ऐसे में आगे उग्र प्रदर्शन किया जा सकता है।

# खाना बनाने के नाम पर विवाद, डंडा मारकर की पत्नी की हत्या

- साल्हेवारा क्षेत्र के ग्राम लालपुर की घटना

**साल्हेवारा।** खाना बनाने की बात को लेकर पति-पत्नी के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पति ने डंडे से मार-मारकर पत्नी की हत्या कर दी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस आरोपी की सरगर्मी से पतासाजी कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत होली पर्व के दौरान 14 मार्च को ग्राम लालपुर निवासी कुंवरिया बैगा 25 वर्ष एवं उसके पति मांगीलाल बैगा उम्र लगभग 35 वर्ष के बीच खाना बनाने का विवाद इतना बढ़ा कि पति ने डंडा से कुंवरिया बैगा पर हमला कर दिया।

### आरोपी पति की सरगर्मी से तलाश

गंभीर रूप से घायल हुए कुवरिया की 15 मार्च की सुबह मौत हो गई। घटना की खबर जैसे ही गांव के लोगों को पता चला, ग्रामीणों में सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी पति मांगीलाल मौके से फरार है। जिसकी पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध आयोजन

# सेन समाज की महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड के गांधी सभागृह में 11 मार्च को जिला सेन महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जिला सेन समाज ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व महापौर मधुसूदन यादव व अध्यक्षता छत्तीसगढ़ केश कल्याण बोर्ड की प्रथम अध्यक्ष एवं प्रांतीय अध्यक्ष सेन समाज महिला प्रकोष्ट मोना सेन ने की। विशेष अतिथि सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, पार्षद झमित नादान सेन, संतोषी सेन, भिनेश्वरी सांडिल्य, दुर्गा, दुर्गा श्रीवास, प्रभा सेन शामिल थी। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला राजनांदगाव महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष निशा श्रीवास ने किया। जिला मीडिया संयोजक इंद्रद्वीप हीरा सेन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम गुरुदेव संत श्री शिरोमणी नंदा सेन महाराज की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संचालन टीम में गौरी श्रीवास, ममता सेन, दुर्गा श्रीवास, दुर्गा सेन, पायल सेन, कांति सेन, संतोषी सेन सहित कुमारी इशा सेन थी। इसी प्रकार अनिल कौशिक, लोकेश सेन, भागवत सेन, ईश्वर श्रीवास, प्रवीण, राजू सेन, धन्नू सेन, अशोक सेन, मोती श्रीवास, बबला श्रीवास, मनीष सेन, नादान सेन, डिम्पल श्रीवास, आदित्य सेन, प्रेम सेन, टिकेन्द्र राज सेन अन्य ने आयोजन में शामिल हुए।

### जमीन की रखी मांग

कार्यक्रम में जिला महिला अध्यक्ष निशा श्रीवास ने अतिथियों का स्वागत किया और समाज की मांग को महापौर और अतिथियों के समक्ष रखते कहा कि महिला सेन समाज की भवन हेतु जमीन शासन के पास लंबित है, उसे शीघ्र पूर्ण कर समाज को लाभान्वित करेंगे।

### समाज को शिक्षित बनाए: मधु

महापौर मधुसूदन ने सभी मांगो पर आश्वासित करते कहा कि सिर्फ भवन बना देने से समाज का विकास नहीं हो सकता, बल्कि समाज को शिक्षित और संस्कार बनाना आज अति आवश्यक है। पप्रकोष्ट अध्यक्ष मोना सेन ने कहा कि अब समाज की महिलाएं संगठित हो रही है, जो समाज के लिए अच्छा संकेत है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

## फाग गीतों में झूमे युवा और बच्चे, सुबह से शाम तक बजते रहे नगाड़े

# होली पर्व पर बिखरे खुशियों के विविध रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में रंगो का पर्व होली धूमधाम से मनाया गया। 13 मार्च को शहर के सभी वार्डों सहित ग्रामीण अंचलो में होलिका दहन किया गया। रात 12 बजें जयस्तंभ चौक स्थित राम मंदिर के पास स्थानीय मारवाडी समाज ने पूजा अर्चना की होलिका दहन भक्त प्रहलाद को निकालकर किया। लोगो ने विधिवत एक दूसरे को बधाई देते हुए एक दूसरे को गुलाल लगायाश। दूसरे दिन होली मनाया गया। सुबह से दोपहर तक नंगाडे.और डीजे पर थिरकते युवाओं सहित सभी वर्ग के लोगो ने होली का मजा लिया। सुरक्षा की दृश्टि से शहर में पुलिस ने तगडे.इंतजाम किए थे। वहीं मुस्लिम समुदाय ने रमजान माह के अनुरूप जुम्मे की नमाज अदा किया।

### जनप्रतिनिधि पहुंचे लोगों के बीच

धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने होली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर लोगो को बधाई दिया और विभिन्न आयोजन में शरीक हुए। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, रामकृष्ण कन्नौजिया, बबलू शांडिल्य, प्रिंस कक्कड़, परविंदर सिंग मोन्टी, गोपाल मानिकपुरी, शरद अग्रवाल, अनिल गट्टानी, राकेश पचेरी, मधु नरेडी, सत्तु नामदेव, तुलसी मिश्रा, दखने बाबू, मोहन बक्शी, हेमंत कुमार, गोपाल दम्माणी, राजू छाजेड़, गौतम चोपड़ा, अजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल पिनु, कन्हैया मोदी, संजय नरेडी सहित अन्य ने लोगो से मुलाकात कर गुलाल लगाकर बधाई दी। रंगोत्सव के बाद रविवार को भी शहर में होली की खुमारी देखने मिली। वार्डो में होली के दूसरे और तीसरे दिन भी रंगोत्सव का माहौल रहा।शहर की अधिकांश दुकाने दो तक बंद रही।







**गंडई पंडरिया।** नगर और अचंल में रंगो का पर्व उल्ला के साथ मनाया गया। स्कूलों में छुट्टी के पहले बच्चो ने आपस मे होली खेलते हुए एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाया। बाजार भी होली के सामानों से गुलजार रहा। लोगो ने जमकर रंग गुलालों की खरीदी किया। नगर में टोलियां बनाकर लोगों ने डंडा नृत्य किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। डंडा नृत्य की थाप सुनकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो भी होली के रंग में रंग गए और कुछ देर नृत्य कर होली का आनंद उठाया। इस वर्ष होलिका दहन को लेकर लोगो मे जागरूकता देखने मिला। पहले लोग होलिका दहन में कई टन लकड़ियां एकत्रित कर जला दिया करते थे वही अब इसे व्यवहारिक रूप दिया गया है और केवल नेग के लिए कड़ियों को इकठ्ठा कर गोबर के कंडे से होलिका दहन किया।

**गंडई।** नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह ने नगरवासियों के लिए किया होली मिलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में फाग गीतों पर नगरवासी जमकर थिरके। गत 14 मार्च को वार्ड 4 हटरी चौक में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने होली मिलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेता, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आम जनता शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली खेला। कार्यक्रम स्थल पर फाग गीतों पर लोग जमकर थिरके। मौके पर सभी के लिए ठंडाई का इंतजाम किया गया था। इस दौरान बड़ो को छोटो ने रंग लगाकर आशीर्वाद लिया। नगर अध्यक्ष द्वारा आयोजित इस आयोजन की सभी ने सराहना किया।

**कहगांव।** ग्राम में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उप सरपंच मिलाप डोंगरे, सतीश नाग, देव कुमार, दिलीप यादव, भीष्म रावटे, धीरज रोट, गणेश्वर जयते आदि ने ग्रामीणों को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया।

**पटेवा।** पटेवा सहित अंचल में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होलिका दहन पूजा अर्चना के साथ किया गया। प्रातः भजन मंडली ने राधाकृष्ण की शोभायात्रा नगाड़े की थाप के साथ फाग गीत गानों के साथ निकाली। घर-घर भगवान राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना किया गया। चौक-चौराहों पर डाहकी का आयोजन किया गया। जिसमें नगाड़े की थाप के साथ लोग फाग गीत गाते नजर आए। लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाया। युवकों की टोली और महिलाओं ने भी होली खेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दूसरे दिन भी होली का असर देखा गया। सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में भी रंगोत्सव का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिशु मंदिर के भैया बहनों ने नगाड़े की थाप के साथ खूब होली खेली।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला टिकरीपारा संकुल कोठार में महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में श्रीमती आरती पांडेय प्रधान पाठक द्वारा तिलक लगाकर श्रीफल और पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया गया। जिसमें महिला पतंजलि की महामंत्री श्रीमती ज्योति शुक्ला एवं जिला प्रभारी सुश्री उमा चंद्रवंशी, संकुल प्राचार्य श्रीमती फहिमा खान, श्रीमती रीनू पाली प्रधान पाठक सारंगपुर, श्रीमती राजेश्वरी वैष्णव प्रधान पाठक चरडोंगरी, श्रीमती शकुंतला मेरावी प्रधान पाठक कोठार, शिक्षिका पूर्णिमा चंद्रवंशी, श्रीमती मिथिलेश यादव, श्रीमती कल्पना सिंह, श्रीमती अर्चना केशरवानी, श्रीमती पूजा गुप्ता एवं पालक बहनों का सानिध्य प्राप्त हुआ। श्रीमती ज्योति ने कहा आज महिलाएं किसी काम में पिछे नहीं हैं, सायकल से एरोप्लेन तक, घर से देश तक का नेतृत्व कर रही हैं।

सुश्री उमा चंद्रवंशी ने कहा जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। योग द्वारा हर महिला स्वयं और अपने परिवार को स्वस्थ रख सकती है तथा अपने कार्य क्षेत्र में अपनी गरिमा बढ़ा सकती है। प्राणायाम के द्वारा वह आंतरिक शक्ति बढ़ा सकती है, जो कठिन कार्य को भी सहजता पूर्वक करने की क्षमता प्रदान करता है। श्रीमती फहिमा खान ने महिला को परिवार की धुरी कहा एक स्वस्थ महिला अपने परिवार को अच्छा स्वास्थ्य प्रदान कर सकती है। सभी शिक्षिकाओं के बीच समाज में फैले कुरीतियों पर चर्चा की गई, सबका यह मानना है कि महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार व अन्याय को दूर करने में महिलाएं ही सहयोगी बन सकती हैं। आज महिलाएं सभी क्षेत्र में कार्य कर रही हैं और बड़ी कुशलता पूर्वक कर रही हैं। हमें अपनी बहनों का आत्मबल बनकर खड़ी होना चाहिए।

घर परिवार समाज और देश के लिए एक मिशाल कायम करना है। जलेसरी पटेल ने सुन्दर-भजन सुनाया वहीं श्रीमती पांडेय ने कहा कि हर महिला को उसका सम्मान प्राप्त होना ही चाहिए। महिला और पुरुष समाज की धुरी हैं, दोनों मिलकर ही सभ्य और सु-संस्कारित समाज का निर्माण कर सकते हैं। अंत में आरती पांडेय ने स्वरचित कविता के साथ आभार व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### सुखाताल में पारंपरिक वाद्य-यंत्रों नंगाडा, झांझ के साथ फाग गीत गाकर मनाई होली पर्व



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित क्षेत्र में रंगों का पर्व होली त्यौहार धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वहीं ग्राम सुखाताल में पारंपरिक वाद्य-यंत्रों नंगाडा, टीमकी, झांझ, मंजीरा के साथ फाग गीत व एक-दूसरे को रंग लगाकर नाचते गाते व रंग-गुलाल में सराबोर होकर मस्ती व उत्साह के साथ झूमते गाते होली पर्व मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से ग्रामचार्य पं सुरेश शर्मा, पूर्व सरपंच मधुसूदन वर्मा, भागवत वर्मा, राजाराम वर्मा, शिवशंकर वर्मा, ईश्वरी वर्मा, निहोरा वर्मा, इतवारी साहू, तुलस, छली निषाद, बौना, राजेंद्र, सुनील, चंद्रकुमार, नकुल, सुरेश, नेमराज, अमर, मनोज, सत्येन्द्र वर्मा, भागवत वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### कोलेगांव में एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर धूमधाम से मनाई होली पर्व



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित धनेली, भगतपुर, मोहतरा-कला, कंझेटा, दामापुर व कुण्डा क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ होलिका दहन व रंगों का पर्व होली त्यौहार एक-दूसरे को रंग लगाकर व बधाई तथा शुभकामनाएं दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में गली-मोहल्ला व चौंक चौराहो में डीजे व नगाड़ा की थाप में नाचते-गाते व झूमते हुए भाईचारें के साथ मनाई गई। जिसमें शंभू प्रसाद शर्मा, पवन शर्मा, अंबिका मिश्रा, भीषम शर्मा, प्रवीण दुबे, संतोष दुबे, छत्र किशोर सानू तिवारी, शैलेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, हर्ष मिश्रा, वेदान वैभव एवं दिनेश पांडेय सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### गांव-गांव में होलिका दहन कर मनाई गई होली पर्व



**कवर्धा।** बरबसपुर। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के गांव-गांव में होलिका दहन उमंग और उत्साह के साथ मध्य रात्रि को होलिका दहन किया गया। जिसमें ग्राम सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजाझोरी, नाऊडीह, डबराभाट, जमुनिया, सारंगपुर, जेवडन-खुर्द, बाझीमौहा, दौजरी व चारभाठा में होलिका दहन करने के लिए तरह-तरह की लकड़ी, पेड़-पौधे की डालियां और सुखे-खरपतवार डालकर होलिका दहन की गई। होलिका दहन की कथा पाप पर धर्म की विजय को माना जाता है, ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार भगवान श्रीहरि द्वारा अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा करने के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। होलिका दहन का महत्व पौराणिक कथाओं से हैं, पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रहलाद को बचाया था, होलिका जलाने की परंपरा आत्मा की बुद्धि और मन की पवित्रता का प्रतीक माना जाता है, होलिका दहन 13 मार्च मध्य रात्रि को जलाई गई। हिंदू धर्म में होलिका दहन का पर्व को बुराइयों पर हुई अच्छाइयों की जीत के रूप में मनाया गया तो वहीं दूसरी तरफ बाजारों में होली पर्व मनाने के लिए रंग-बिरंगे गुलाल, पिचकारी खरीदकर बच्चों से लेकर बुजुर्ग द्वारा एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर व डीजे तथा नगाड़े की धुन में नाचते गाते व झूमले हुए रंगों का पर्व होली त्यौहार बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास उमंग के साथ मनाई गई।

## छत्तीसगढ़ नवीन व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ ने विधायक से की भेंट-मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ नवीन व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा से सौजन्य भेंट-मुलाकात कर अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें सैलरी इंक्रीमेंट, शिक्षा विभाग में सम्मिलित एवं जॉब सिक्योरिटी की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया। जिस पर विधायक द्वारा गंभीरता से सभी मांगों एवं व्यवसायिक शिक्षक के कार्य को सुनने के पश्चात व्यवसायिक शिक्षको के कार्य की सराहना किए व आश्वासन दिया गया की समस्याओं को शीतकालीन विधानसभा सत्र में रखा जाएगा।

छत्तीसगढ़ में सन 2014-15 से राज्य के चयनित हायर सेकंडरी विद्यालयों में नवीन व्यावसायिक शिक्षा का संचालन हो रहा है। वर्तमान में कुल 592 स्कूलों में 10 ट्रेडों के जैसे एग्रीकल्चर, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर,आईटी, हेल्थ केयर, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, आटोमोटिव, टेलीकॉम, रिटेल, बीएफएसआई ब्यूटी एंड वैलनेस ट्रेंड कक्षा 9वीं से 12वी तक व्यवसायिक शिक्षकों द्वारा पूरी निष्ठा व लगन से प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिससे विभिन्न ट्रेंड में विद्यार्थी का स्किल डेवलपमेंट हो रहे हैं, (आरएमएसए) राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन के निर्देशन और मार्गदर्शन में (वीटीपी) वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर के अधीनस्थ होकर कार्य कर रहे हैं।

### क्षेत्र में होलिका दहन के साथ मनाई रंगों का पर्व होली



**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम हरिनछपरा, राम्हेपुर, चंदनपुर, प्रभाटोला, रहंगी, बुधवारा व सिल्हाटी सहित आसपास क्षेत्र में होलिका दहन व होली उत्साह धूमधाम से मनाई गई। क्षेत्र में होलिका दहन से पहले विधि विधान से पूजा-अर्चना कर एवं हिरणाकश्यप, भक्त प्रहलाद की कथा सुनाकर पौराणिक कथा को याद किया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रवासियों द्वारा भक्त प्रहलाद की जय जयकार घोष करते हुए होलिका दहन किया गया तत्पश्चात दूसरे दिन एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान मोहल्लेवासी आरके साहू, विवेक साहू, रोशन यादव, मनीष चंद्रवंशी, सूरज निर्मलकर, मोहन, गणेश, भोज, लवकेश, राकेश, प्रदीप, संदीप, प्रमोद, दुर्गेश, संजू, पवन, राकेट, शिवा, लवी, कान्हा, नंदराम, बलराम, धर्मराज, अनिल, महेंद्र, सुनील, रामलोचन, परमेश्वर यादव एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा मार्ग बना शराबियों का अड्डा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से 7 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत हरिनछपरा जहां वर्षों पहले औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण कराया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा जाने वाली मार्ग में असामाजिक तत्वों के जमावड़ा व शराबियों का अड्डा बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को आवाजाही करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। वहीं शासन प्रशासन द्वारा लाखों रूपए की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाया गया लेकिन जिम्मेदारों की भारी अनदेखी के कारण शाम होते ही औद्योगिक क्षेत्र में अंधेरा होने के कारण आवागमन बाधित हो रही है। जिसका फायदा शराबियों द्वारा उठाया जा रहा है। शाम होते ही शराबियों व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा से रहवासियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क के बीचों बीच शराब की बोतल व डिस्पोजल तथा पानी पाउज के अवशेष व कचड़ा तथा गंदगी होने से ग्रामीणों के सेहत पर भारी गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

## जिले के खिलाड़ियों बेसबॉल व सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में 04 स्वर्ण, 07 रजत व 06 कांस्य पदक प्राप्त किया

- सभी खिलाड़ियों को जिले के पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के खिलाड़ियों ने बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पिछले वर्षों से लगातार पदक प्राप्त कर कबीरधाम जिले का नाम रोशन कर रहे है। वही इस सत्र 2024-25 में एक बार फिर शालेय राष्ट्रीय और ओपन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में कुल 36 खिलाड़ियों का चयन हुआ था जिसमें से 17 खिलाड़ियों ने पदक लगाकर जिले का नाम रौशन किया है।

एकेडमी प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि इस वर्ष बेसबॉल शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता 14 वर्ष बिलासपुर में आयोजित हुआ था, जिसमें चंद्रेश कोर्राम, संध्या कौशिक, निशु बंजारे ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही बेसबॉल सीनियर वर्ग का आयोजन महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में आयोजित हुआ जिसमे कुलेश्वर सिंह, निलेश साहू और मान्या प्रसाद ने रजत पदक प्राप्त किया इसी के साथ सॉफ्टबॉल शालेय राष्ट्रीय मिनी वर्ग प्रतियोगिता में वैनी पाटिल, श्रेया पाली, पूजा चंद्रवंशी ने रजत पदक प्राप्त साथ ही साथ जूनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सुन्नम चरण ने रजत पदक प्राप्त किया।

सीनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में श्रीहरि कुरसाम एवं हर्षिता प्रसाद ने कांस्य पदक प्राप्त किया। व ओपन सॉफ्टबॉल सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भूपेंद्र कुमार गढ़े ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया जिसमे छत्तीसगढ़ प्रदेश का यह आठवां स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश व जिलेवासियों के लिए गौरव की बात है। वेस्ट जोन सीनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रवींद्र साहू, प्रवीण साहू, कलेश्वर निर्मलकर और कविता सिन्हा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। जिसमें इस सत्र में 04 स्वर्ण पदक, 07 रजत पदक एवं 06 कांस्य पदक प्राप्त कर एकेडमी के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 25 स्वर्ण पदक,15 रजत पदक एवं 13 कांस्य पदक कुल 53 पदक लगाकर एकेडमी के खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन किया। वही इन खिलाड़ियों को पदक प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा, प्रशिक्षक राजा जोशी, व्यायाम शिक्षक दिनेश वर्गीस, भूपेंद्र गढ़े, रवींद्र साहू, श्रुति ठाकुर और गौरी जायसवाल के सफल प्रयास से ये खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक लगाए है। एकेडमी के खिलाड़ियों द्वारा बेसबॉल और सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता मे स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक लगाने के उपलक्ष्य पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला वनमंडल अधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, एकेडमी संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष, महासचिव छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ ओपी शर्मा, जिला सहायक खेल अधिकारी दिनेश साहू, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, पूर्व सभापति उमंग पांडेय, पार्षद सुनील साहू, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की शुभ मनोकामनाएं दी।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नाबालिग का अपहरण, आरोपी पुणे से गिरफ्तार

**कवर्धा।** कुकदुर पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण एवं शोषण करने वालें आरोपी को पुणे, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और जबरन शारीरिक शोषण कर रहा था। मामला थाना कुकदुर के अपराध क्रमांक 160/24, धारा 137 (2) भा.न्या.सं. से संबंधित है। प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री गत 24-25 नवम्बर 2024 की दरमियानी रात बिना बताए घर से लापता हो गई। जिसके बाद पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी एवं अपहता की खोजबीन शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद यह जानकारी प्राप्त हुई कि नाबालिग को आरोपी अजय कुमार पिता शिवनाथ बघेल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कुकदुर, ने पुणे, महाराष्ट्र में छिपाकर रखा है। टीम ने तत्परता दिखाते हुए 11 मार्च को पुणे के मूर्ति पार्क, वहिल नगर, डुडुलगांव, थाना दिघी, जिला पिंपरी चिंचवड़, महाराष्ट्र में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया। मामले में पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए जाने के पश्चात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2), 64(2) (एम), 64(2) (आई) भा.न्या.सं. एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### पतंजली योग समिति ने मनाई होली का पर्व

**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पतंजलि योग समिति के द्वारा होली का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के मौके पर जहां 13 मार्च को समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों ने विधि विधान से होलिका दहन किया तत्पश्चात 14 मार्च को होली खेली। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, रमेश साहू, संजय चंद्रवंशी, शशि ठाकुर, अशोक चंद्रवंशी, रामा जायसवाल, कैलाश साहू, विनीता चंद्रवंशी, मीनाक्षी ठाकुर, प्रीतम साहू, शैलेन्द्र साहू ,प्रभा शिवहरे ,शिला राजपूत, रागनी साहू, मंजू चंद्रवंशी सहित पतंजलि परिवार उपस्थित थे।

**पर्व:** सुबह से लेकर देरशाम तक रंग-गुलाल में डूबते रहे लोग, नहीं मिली कहीं से अप्रिय घटना की खबर

# कवर्धा सहित समूचे अंचल में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

परम्परागत ढंग से बीते गुरूवार को होलिका दहन के बाद दूसरे दिन रंगोत्सव का पर्व गुदगुदी भरी मस्ती के बीच नगर सहित समूचे अंचल में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से शाम तक समूचे शहर में रंग गुलाल घुलता रहा और लोग एक दूसरे को पर्व की बधाई देते उन्हें रंगते रहे। त्यौहार के मद्दे नजर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते शहर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटने की खबर नहीं मिली है। होली पर्व को लेकर वैसे तो सभी वर्ग के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर के सभी मुहल्लों, चौक चौराहों, गली कूंचों में होलियारों के छोटे-बड़े अलमस्त जत्थे सबेरे से ही रंग, गुलाल और पिचकारियां लेकर निकल पड़े थे। जान, पाहचान, दोस्त, यारों को देखकर होली है, का तेज राग अलापते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल से सराबोर कर देते थे और गले लगाकर बधाई देते थे। ऐसे मेल मुलाकात के अवसर पर धमाल मचाने वाले बच्चे पिचकारी से रंगो की बौछार कर होली की मस्ती और दोगुनी कर देते थे। अधिकांश युवक इस मस्ती के मौके पर विभिन्न स्वांग रचकर अद्भुत टोपियों व अन्य चीजें पहनकर धमा चोकड़ी मचाते रहे। युवाओं की टोलियां नवीन बाजार चौक, शीतला मंदिर चौक, राजमहल चौक, वीरस्तम्भ चौक, आजाद चौक, महावीर चौक, ऋषभ देव चौक, इंदिरा चौक, ठाकुर पारा चौक, दर्री पारा चौक आदि स्थानों रपर सक्रिय रहीं और होली का छककर मजा ऊठाया। होलियारों की हुड़दंग शाम होने के पहले तक चलती रही। लाल, हरा, पीला रंग, पिचकारियों में भरकर बौछारें की जाती रही जबकि कई जगहों पर बालटियों और बर्तनो से रंग उड़ेले गए। कुल मिलाकर कवर्धा सहित अंचलभर में होली का पर्व उत्साह के साथ शांति पूर्ण ढंग से मनाया गया।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गृह नगर कवर्धा में खेली जमकर होली



छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह वर्षों से चली आ रही अपनी परंपरा को निभाते हुए इस बार भी अपने गृह जिले कवर्धा पहुंचे और परिवार व साथियों के साथ रंगों का त्योहार धूमधाम से मनाया। डॉ. सिंह ने परंपरागत रूप से पहले होलिका दहन किया और फिर रंग-गुलाल के साथ होली खेली। इस दौरान सांसद संतोष पांडेय तथा उनके सुपुत्र एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, राजेंद्र चन्द्रवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। रंग पर्व के दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने निजी निवास के सामने स्थित गांधी मैदान में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. सिंह को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने भी इस आयोजन में विशेष रूप से हिस्सा लिया। अपने चिर-परिचित अंदाज में उन्होंने ढोल-नगाड़ों की धुन पर होली गीत गाए और समां बांध दिया। उनके साथ मौजूद जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने भी इस उल्लास में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने आमजन से मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी को आपसी मेल-जोल और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोडने का अवसर भी है। यह पर्व हमे प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने की सीख देता है। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की समृद्धि और विकास में योगदान दें, यही इस पर्व की सच्ची भावना है।

#### नगर व जिले में शांति व्यवस्था रही कायम

नगर में पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के चलते होली का त्योहार शांति पूर्ण ढंग से मनाया गया। पर्व के मौके पर कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली है। उल्लेखनीय है कि पुलिस प्रशासन द्वारा होली के मद्देनजर नगर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर के प्रमुख मार्गो तथा संवेदनशील ईलाकों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। इसके अलावा असामाजिक तत्वों पर नगर रखने के लिए पेट्रोंलिंग पार्टी भी गठित की गई थी जो सुबह से लेकर रात तक नगर में क्रिय दिखी।

#### हर साल निभा रहे परंपरा, मुख्यमंत्री रहते भी मनाई होली

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह हर वर्ष अपने गृह जिले कवर्धा में होली मनाते हैं। जब वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे, तब भी वे अपने इस रीति-रिवाज को निभाने के लिए कवर्धा आते रहे। यह परंपरा लगातार 22 वर्षों से चली आ रही है, जिसमें वे अपने परिवार, साथियों और जिले के लोगों के साथ होली के रंगों में सराबोर होते हैं। इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पंचायत सचिवों की अनदेखी पर संघ सख्त सरकार को दी चरणबद्ध आंदालेन की चेतावनी




- शासन के समक्ष रखी नियमितीकरण सहित अन्य मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों की लंबित मांगों को लेकर प्रदेश पंचायत सचिव संघ ने बड़ा निर्णय लिया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं करती, तो 17 मार्च 2025 से विधानसभा घेराव और 18 मार्च को जनपद मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। इसके बाद 1 अप्रैल 2025 से मंत्रालय घेराव करने की योजना भी तैयार की जाएगी। प्रांतीय आव्हान पर कबीरधाम जिले में पंचायत सचिव अपनी लंबित मांगों को लेकर इस क्रमबद्ध आंदोलन की तैयारियों में जुट गए है। इस संबंध में जिला पंचायत सचिव संघ से मिली जानकारी के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों के नियमितीकरण की घोषणा की थी। इसके तहत 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को समिति गठन कर 30 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया था। लेकिन अब तक इस विषय पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। संघ का आरोप है कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद सरकार ने इस विषय में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। पंचायत सचिवों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन नियमितीकरण नहीं होने से वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

#### संघ ने किया आंदोलन का ऐलान

पंचायत सचिव संघ ने बताया कि पंचायत सचिवों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार से कई बार मांग की गई, लेकिन जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती, तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। 17 मार्च को विधानसभा घेराव, 18 मार्च से जनपद मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल, 1 अप्रैल से मंत्रालय घेराव की घोषणा की है। पंचायत सचिव संघ ने सरकार से जल्द इस मामले पर निर्णय लेने की मांग की है, अन्यथा बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

### डॉ.रमन सिंह सपरिवार पहुंचे अपने गृह ग्राम ठाठापुर...



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के पैतृक ग्राम ठाठापुर स्थित निवास में होली उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह एवं उपके परिजनो ने भगवान बूढ़ादेव मंदिर, गोसाईं जी महाराज एवं श्री राम मंदिर में पूजा-अर्चना कर समस्त छत्तीसगढ़ की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में श्रीमती वीणा सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पिपरिया स्कूल में विदाई समारोह आयोजित



**पिपरिया।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक पिपरिया द्वारा कक्षा 6 वीं तथा 7 वीं के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 वीं तथा 7 वीं के विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का फूल गुलदस्ता से स्वागत किया गया। इस अवसर पर एचएम श्रीमती संयोगिता सोनी शिक्षिका द्वारा न्योता भोजन में सभी विद्यार्थियों को जलेबी परोसी गई। कक्षा 8 वीं से साधना साहू ने अपने छोटे भाई बहन को पढ़ाई-लिखाई करने में और अपने आगामी भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा 8 वीं से छात्रा रोशनी साहू ने कहा कि हम पढ़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और पढ़ाई के महत्व को बताया। कक्षा 7 वीं से जिगर चौहान ने कहा कि मेरे बड़े भाई बहन आप सभी इस वर्ष बोर्ड परीक्षा मे शामिल होने पर बधाई देते हुए अच्छे अंक प्राप्त कर हमारे विद्यालय का नाम रोशन करें, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस विदाई समारोह में कक्षा 8 वीं के सभी विद्यार्थियों को स्वल्पाहार में जलेबी टिकिया, मिश्चर तथा एक पेन देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने किया।

# कार और मोटर सायकल की भिड़ंत, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला मुख्यालय कवर्धा में होली के रोज 14 मार्च को रायपुर-जबलपुर मार्ग स्थित बॉय पास के पास हुई कार और मोटर सायकल की भिडंत में मोटर सायकल सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया गया है। वहीं घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 मार्ग को होली के रोज ग्राम लेंजाखार निवासी राजेश साहू अपने एक साथी के साथ मोटर सायकल में सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान कवर्धा कोतवाली से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में रायपुर-जबलपुर मार्ग स्थित बॉय पास के पास विपरीत दिशा से आ रही कार से उनकी भिडंत हो गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार मोटर सायकल व कार की भिडंत इतनी भीषण थी कार सवार राजेश और उसकी दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद अनियंत्रित कार भी पलट गई। जिसमें कार चालक भी घायल हो गए। घटना के बाद इसकी सूचना राहगीरों ने तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनो घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में पहुंचाया। लेकिन ईलाज के दौरान राजेश साहू की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। वहीं दोनो घायलों का अस्पताल में अभी ईलाज जारी है। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

### लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा

**कवर्धा।** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सुधीर जैन पिछले दिनों नगर की आधिकारिक यात्रा पर आए। होटल अर्बन में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से लायन सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने बहुत ही सरल शब्दों में एक शेर के माध्यम से लायनवाद की व्याख्या की माना कि इस चमन को गुलिस्तां न कर सके, दो चार कांटें चुन लिए, निकले जहां से हम। उन्होंने कहा कि लायनवाद हमें सिखाता है कि हम अपनी क्षमताओं के भीतर रहकर कैसे अच्छे सेवाकार्य कर सकते हैं। उनके साथ डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रश्मि जैन, रीजन चेयरपर्सन राजेश चौरसिया व रीजन प्रथम महिला माया चौरसिया भी प्रवास पर आए। प्रवास के दौरान अतिथियों ने लायंस पार्क, जेल के बाहर लायंस प्रतीक्षा कक्ष, सुधा वाटिका में लायंस वाटर कूलर व डॉ. बिसेन के हॉस्पिटल में डायलिसिस सेंटर का अवलोकन किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के परिप्रेक्ष्य में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की इन 10 महिलाओं को सम्मानित किया। अधिवक्ता अंजना तिवारी, पत्रकार मेघा यादव, प्रसव में उल्लेखनीय कार्य के लिए मुमताज बेगम, अशोका भास्कर, गंगा बाई साहू, महिला स्वावलंबन के लिए निर्मला बाई साहू, इंद्रा बाई पटेल व गौसेवा वृद्धजन सेवा के लिए संयोगिता सोनी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए इंद्राणी कौशिक व रीना साहू। अतिथियों के साथ लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, जोन चेयरपर्सन सुशीला श्रीश्रीमाल, माइक्रो चेयरपर्सन नीरज मंजीत छाबड़ा, निवृत्तमान अध्यक्ष बीपी गुप्ता, सचिव हरीश गांधी व कोषाध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता भी मंच पर विराजमान हुए। प्रेमचंद व बीपी गुप्ता ने अपने संबोधन में क्लब के सेवाकार्यों की जानकारी दी।

**नगर पालिका कवर्धा अध्यक्ष ने ठेकेदारों के साथ की बैठक, निर्माण कार्यो को लेकर चर्चा**

# गुणवत्ता के साथ समय में पूर्ण करें सभी निर्माणाधीन कार्यः नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सख्त रवैया अपनाया है। उन्होनें ठेकेदारों से कहा कि सभी निर्माण कार्यो को पूर्ण करने की तारीख तय करें। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर समझौता नही होगा, इसका भी पूर्ण ध्यान रखे। उन्होनें उपस्थित कार्यपालन अभियंता को कहा जो इंजीनियर काम नही कर रहे, उनका वेतन आहरण पर रोक लगावें। लेकिन निर्माण कार्य में कोताही व लेटलतीफी बिल्कुल ना करें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की तथा ठेकेदारों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिये। उन्होनें सभी प्रमुख विकास कार्यो का लोकार्पण तय सीमा में कराया जा सके जिसका लाभ कवर्धा वासियो को जल्द मिले। इसके लिए नगर पालिका से अनुबंधित ठेकेदारों से सभी कार्यों के पूर्णता के लिए तय अंतिम तारीख से पहले कार्य पूर्ण करने निर्देश दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगर पालिका परिषद कवर्धा के ठेकेदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने निर्माण कार्यों और अन्य कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक में ठेकेदारों को उनके कार्यों की गति को तेज करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। नपा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि समय पर काम पूरा होना और गुणवत्ता बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कार्यपालन अभियंता एमएल कुर्रे को निर्देशित करते हुए कहा कि ठेकेदारों को उनके कार्यों के अनुसार समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ठेकेदारों को उनकी मेहनत का सही समय पर भुगतान मिलना चाहिए ताकि कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट न आए। और तय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराना भी सुनिश्चित किया जाए । उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर भी पालिका कार्यवाही करने में पीछे नहीं रहेगी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सभी चल रहे निर्माण कार्यों का लोकार्पण आगामी तय तिथि को किए जाने की बात भी कही।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश, एक फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी से जुड़े एक फरार आरोपी को सिंगरौली मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी दयाशंकर यादव, जो पुलिस से बचने के लिए अपना ठिकाना बदल रहा था, मध्यप्रदेश में गुप्त रूप से रहकर तस्करी में सक्रिय था। इस ऑपरेशन में पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और सतर्क निगरानी से आरोपी तक पहुंच बनाई और अंतत उसे गिरफ्तार कर लिया। गत 07 मार्च 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 17 केएल 4453 में भारी मात्रा में अवैध गांजा ओडिशा से रायपुर होते हुए शहडोल मध्यप्रदेश की ओर ले जाया जा रहा है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर चालक दुलबो बिसोई के कब्जे से 60 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी ने तस्करी में शामिल अन्य लोगों की जानकारी छुपाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सख्त पूछताछ और तकनीकी जांच सीडीआर/टॉवर लोकेशन के जरिए उसके नेटवर्क की परतें खुलने लगीं। जांच के दौरान पता चला कि मिर्जापुर उत्तर प्रदेश का दयाशंकर यादव इस तस्करी में आर्थिक मदद कर रहा था और मध्यप्रदेश के शहडोल-रीवा क्षेत्र में गांजा खपाने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा था। पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रैक कर सिंगरौली मध्यप्रदेश में उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह लंबे समय से अंतरराज्यीय गांजा तस्करी से जुड़ा हुआ है और इस अवैध धंधे का मुख्य कड़ी है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में, तथा एसडीओपी भूपत सिंह धनेश्री के नेतृत्व में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक जेएल शांडिल्य, सउनि चंद्रकांत तिवारी सायबर सेल, सउनि कुमार मंगलम, प्रधान आरक्षक हिरेन्द्र प्रताप सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।